



# वित्तीय वर्ष बीतने को आया, एमआईसी तक नहीं पहुंचा आगामी बजट

## महापौर ने निगमायुक्त को पत्र लिख मामले को गंभीरता से लेने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 मार्च. वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में सप्ताह भर का समय बचा है, उसमें भी 3 दिन अवकाश में निकल जाएंगे. लेकिन इसके बावजूद भी निगम प्रशासन द्वारा अब तक आगामी बजट को नगर सरकार के मंत्रिमण्डल तक भी नहीं पहुंचाया गया है. जिसके चलते आगामी बजट को परिषद के समक्ष रखा जाना और उस पर विस्तार से चर्चा होना फिलहाल दूर की कौड़ी नजर आ रहा है.**

हलांकि महापौर द्वारा निगमायुक्त को पत्र लिखकर मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है. लेकिन अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या निगम प्रशासन द्वारा इस मामले को भी पूर्व की तरह के कुछ अन्य निर्देशों की भांति ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा. या फिर इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों की बात को नजरअंदाज करने का जोखिम, अब नहीं उठाया जाएगा.



महापौर यागेश ताम्रकार द्वारा सोमवार को निगमायुक्त शेर सिंह मीणा को एक पत्र भेजा गया है. जिसमें बजट संबंधी निर्देशों के पालन और प्रगति की जानकारी को लेकर निर्देश दिए गए हैं. जारी पत्र में महापौर द्वारा इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आगामी बजट को लेकर 10 मार्च को ही निगमायुक्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे. निगमायुक्त से यह अपेक्षा की गई थी कि वे संबंधित विभागों के साथ समुचित चर्चा कर प्रस्तावों को अंतिम रुप देते हुए महापौर को अवगत कराएंगे. लेकिन 23 मार्च बीत जाने के बावजूद भी निगमायुक्त द्वारा महापौर को न तो कोई जवाब दिया गया और न ही उक्त विषय पर कोई चर्चा की गई. महापौर श्री ताम्रकार के अनुसार शहर के समग्र विकास से जुड़े मामले पर निगम प्रशासन का यह रवैया न सिर्फ अत्यंत खेदजनक बल्कि चिंताजनक भी है. यदि बजट संबंधी प्रक्रिया में विलंब होता है अथवा पर्याप्त विचार विमर्श के बिना निर्णय लिए जाते हैं तो इससे भविष्य में विभिन्न विकास कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं.

निगमायुक्त के द्वारा चर्चा नहीं किए जाने के कारण वे मेयर-इन-कौंसिल की बैठक नहीं कर पा रहे हैं. जिसे देखते हुए महापौर द्वारा निगमायुक्त को निर्देशित किया गया है कि शीघ्रातिशीघ्र सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा सुनिश्चित की जाए और साथ ही उन्हें तत्काल अवगत कराया जाए.

### विशेष सम्मिलन की प्रक्रिया ही शेष...

आगामी बजट का मसौदा तैयार कर महापौर के पास भेजा जाता है. जिसे लेकर नगर सरकार के मंत्रिमण्डल में चर्चा होती है. चर्चा के दौरान सामने आने वाले सुझावों के साथ बजट को परिषद के लिए भेज दिया जाता है. जिसे देखते हुए ननि अध्यक्ष द्वारा परिषद की बैठक बुलाई जाती है. लेकिन आगामी बजट को लेकर यदि ननि का सामान्य सम्मिलन बुलाया जाता है तो उसके लिए पखवाड़े भर का समय चाहिए. वहीं विशेष सम्मिलन को 3 दिन के अंतराल में ही बुलाया जा सकता है. मौजूदा परिप्रेक्ष्य में सामान्य सम्मिलन की गुंजाइश न के बराबर बची है. लिहाजा अधिक संभावना इसी बात की नजर आ रही है कि विशेष सम्मिलन बुलाकर आगमी बजट पर चर्चा की जाएगी. गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी ऐन मौके पर 28 मार्च को विशेष सम्मिलन बुलाकर बजट को पास कराया गया था.

### तो फिर क्या होगा आगे..?

नगर निगम के अंदरखाने से जो जानकारी निकलकर सामने आई उसके अनुसार निगम प्रशासन द्वारा आगामी बजट का मसौदा तैयार कर लिया गया है. शह बात और है कि सोमवार तक उसे महापौर के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया. यदि महापौर द्वारा लिखे गए पत्र को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन द्वारा 31 मार्च से पहले बजट पर चर्चा करा ली जाती है तब तो उसके पास होने को लेकर कोई समस्या नहीं आएगी. लेकिन यदि निगम प्रशासन द्वारा इन निर्देशों को अनदेखा कर कर दिया जाए और जारी टालमटोल के बीच 31 मार्च का समय बीत जाए. तो फिर यह बजट को पास कराने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल के समक्ष प्रस्तुत करना होगा. लेकिन इस कवायद के चलते निगम प्रशासन को एक ओर जहां स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का विरोध झेलना पड़ेगा वहीं दूसरी ओर इसे लेकर संचालनालय में भी सही संदेश नही जाएगा.



# तेज रफ्तार बाइक पिलर से टकराई, युवक की मौत

## मैहर के रामनगर थाना क्षेत्र में हुई घटना

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पिलर से टकरा गई, जिससे युवक को सिर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान संदीप साकेत (21) पुत्र रामाधार साकेत, निवासी नई बस्ती-बदेरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संदीप रविवार रात बाइक (MP19, ZB 0602) से कहीं जा रहा था। इसी दौरान गोरसरी और मड़वार गांव के बीच उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पिलर से जा टकराई। घटना में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह और पायलट रामधनी कुशवाहा ने युवक को तत्काल एफआरवी वाहन से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना,23 मार्च. नाबालिग लड़की को अकेला देख आरोपी उसके घर में घुस गया और छेड़छाड़ करले लगा. इतना ही नहीं बल्कि लड़की द्वारा विरोध किए जाने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से भाग निकला. पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**



जिले के कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम नाबालिग लड़की अपने घर में अकेली थी. जिसे देखते हुए ग्राम इटमा निवासी विक्रम सिंह पिता दिनेश उम्र 24 वर्ष घर में घुस गया. युवक ने घर में घुसने के बाद लड़की के साथ छेड़छाड़ शुरु कर दी. जिसे देखते हुए लड़की ने विरोध जताया. लड़की के विरोध को देखते हुए युवक ने उसे चुप रहने के लिए जान से मारने की धमकी देनी शुरु कर दी. लेकिन इसके बावजूद भी जब लड़की का विरोध जारी रहा तो युवक उसे धमकाते हुए वहां से चला गया.

कुछ समय बाद परिजन जब वापस घर लौटे तो लड़की द्वारा घटना की जानकारी दी गई. जिसे देखते हुए लड़की परिजनों के साथ थाने पहुंची और घटना की शिकायत की. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरु की गई. कुछ देर बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

# मुख्य आरोपी सहित 2 गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

## पेप्टेक सिटी में फायर मिस होने पर बट से हमले का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पेप्टेक सिटी कॉलोनी में रविवार को हुए सनसनीखेज फायरिंग कांड में पुलिस को सफलता मिली है।**

इस मामले में फरार चल रहे आरोपियों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना पुराने आर्थिक विवाद के चलते हुई थी, जिसमें गौरव सिंह उर्फ गोलू (35) को निशाना बनाया गया। आरोपियों ने दिनदहाड़े पहले उन पर फायरिंग की, हालांकि वह बाल-बाल बच गए, लेकिन इसके बाद हमलावरों ने बंदूक की बट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रघुराज सिंह और उसके साथी रुदन सिंह को बांधवगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस को उम्मीद है कि इनके जरिए वारदात में शामिल अन्य आरोपियों, साजिश और इस्तेमाल किए गए हथियारों के संबंध में अहम जानकारी मिल सकेगी।

### लोकेशन ट्रेस कर रही पुलिस

इधर, घटना में नामजद अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और तकनीकी साक्ष्यों के साथ मुखबिर तंत्र की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। घायल गौरव सिंह को पहले जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया था, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें रीवा रेफर किया गया। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना के बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, जिनसे आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# जिले में नियमित टीकाकरण को लेकर आयोजित की गई समीक्षा बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. सतना जिले में जिला स्तरीय नियमित टीकाकरण सूक्ष्म योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व में किए गए टीकाकरण की उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा भी की गई।**

यह बैठक डॉ. रंजीता उप्पल (डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि) के माध्यम से आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. मनोज शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा डॉ. अमर सिंह, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक सहित जिले एवं ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर डॉ. मनोज शुक्ला ने कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण आधार है। हमें शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए घर-घर तक पहुंच बनानी होगी तथा माइक्रोप्लानिंग को और अधिक सशक्त करना होगा। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने, छूटे हुए बच्चों की पहचान करने तथा जमीनी स्तर पर कार्ययोजना को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

# बीबीए छात्रों ने यूसीएल में समझा उद्योग का वास्तविक स्वरूप



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. ए.के.एस. यूनिवर्सिटी, सतना के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने यूसीएल, सतना का औद्योगिक भ्रमण कर उद्योग जगत की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।**

यह भ्रमण छात्रों के लिए कक्षा के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अनुराग सिंह परिहार एवं शीनू शुक्ला ने किया, जबकि इसका नेतृत्व डीन एवं हेड डॉ. कौशिक मुखर्जी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट वातावरण और प्रबंधन के वास्तविक आयामों से परिचित कराते हैं। यूसीएल में एचआर हेड मनोज तिवारी एवं सहायक शशिकांत सिंह ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए संस्थान की संरचना, मानव संसाधन नीतियों और कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। इसके बाद छात्रों को उत्पादन इकाई का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और संचालन प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए एचआर प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा और उत्पादन प्रणाली से जुड़े प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों द्वारा दिए गए उत्तरों ने उनकी समझ को और गहरा किया।

कार्यक्रम के अंत में यूसीएल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

# जर्जर सड़क और उड़ती धूल से राहगीर परेशान

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. सतना शहर से ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने वाली महादेवा से पोड़ी पतौरा सड़क की हालत पूरी तरह बदहाल हो चुकी है।**

क्षेत्रीय समाजसेवी अनुपम दाहिया ने सतना कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस से मुलाकात कर ज्ञापन पत्र सौंप दशकों से जर्जर सड़क की दशा सुधारने की अपील की है। श्री दाहिया ने बताया कि सड़क में जानलेवा गड्ढे बन गए है। गड्ढे इतने बड़े है कि वाहन ही समा जाता है।




रोजाना दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में गिर घायल होते हैं। बदहाल सड़क का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महज 10 किलोमीटर मार्ग को तय करने में घंटे भर का समय लग जाता है। इस मार्ग में अब तक कई बार दुर्घटनाएं होने के बावजूद सड़क बनाने को लेकर कोई पहल नहीं की गई है। नागौद विधानसभा के नागौद और ऊँचेहरा के मध्य पचासों गावों यहां तक कि परसमनिया पहाड़ के लोगों का भी शहर से जोड़ने यह महत्वपूर्ण मार्ग है। देखा जाय तो यहां हर मिनट में औसत 5 से अधिक वाहन होकर गुजरते है। ग्रामीण क्षेत्र से शहर कार्य करने वाले गावो के श्रमिक ,सैकड़ों स्कूली बच्चे सहित गांव के ग्रामीण प्रतिदिन लगभग हजार से अधिक लोगों के लिए यह संपर्क पथ है। कुल मिलाकर सबसे अधिक चलने वाला प्रमुख मार्ग है।

# राष्ट्रकवि की प्रतिमा का अनावरण आज

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त की प्रतिमा का अनावरण मंगलवार को किया जाएगा।**

गहोई वैश्य पंचायत के अध्यक्ष संजय मोर ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि साहित्य संस्कृति एवं सामाजिक गौरव के अवसर पर भरहुत नगर में राष्ट्रकवि मैथलीशरण गुप्त पार्क का लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण 24 मार्च की शाम 4 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर



अतिथि महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, वरिष्ठ समाजसेवी बद्री प्रसाद यादव, वार्ड 7 के पार्षद आदित्य यादव उपस्थित रहेंगे। गहोई वैश्य पंचायत के सचिव पीयूष गुप्त ने बताया कि पार्क को भव्य रूप देने के लिए यहां वृहद स्तर पर पौधरोपण करते हुए पार्क की साज सज्जा कराई गई है।

# सुराज देवी माहेश्वरी का निधन, हुआ नेत्रदान

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 23 मार्च. नगर के प्रतिष्ठित माहेश्वरी परिवार की बुजुर्ग एवं भारत विकास परिषद सतना के संरक्षक श्रीकृष्ण माहेश्वरी की भाभी एवं प्रेम किशोर, चंद्रशेखर, मणिकांत, मनमोहन महेश्वरी की माताजी एवं स्व. ओमप्रकाश माहेश्वरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुराज देवी माहेश्वरी का जनकपुरी स्थित उनके निवास में 23 मार्च सोमवार को दुखद निधन हो गया।**

तत्पश्चात परिजनों की इच्छा से भारत विकास परिषद एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से प्रात: 6-30 बजे श्रीमती सुराज देवी का नेत्र दान संपन्न हुआ और दोपहर श्री तारा देवी मुक्ति धाम में विधि विधान से अंतिम



संस्कार किया गया इसके पूर्व निजी निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। नेत्रदान में सहयोगी के रूप में परिषद के उत्तम बनर्जी, विजय गुप्ता, जितेंद्र जैन, गोपाल धूत, संजय गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, ई.बलराम गुप्ता, प्रदीप जैन, सुकुमाल जैन नेत्र दूत के रूप में सहयोगी बने। श्रीमती माहेश्वरी समाज को जागृत करते हुए जाते-जाते दुनिया को अपनी आंखों की रौशनी दे गई. इस अवसर पर भारत विकास परिषद की तरफ से आभार पत्र भी भेंट किया गया।

### निधन पर व्यक्त किया शोक

भारत विकास परिषद की तरफ से डॉक्टर संजय माहेश्वरी, डॉक्टर हरकिरण बावा, डॉक्टर प्रतिभा दुबे, डॉक्टर अमित अग्निहोत्री, डॉक्टर आरके अग्रवाल, सचिव शिवम भारतीय, कैलाश केसरवानी, पंकज डागा, अनिल नायक, राजेश अग्रवाल टीटू, अनमोल केसरवानी, दयाल कापड़ी, अजय तेजवानी, शैलेश अग्रवाल, क्रांति जैन, निशा शर्मा, रूपेश केसरवानी, सीए. सत्यम केसरवानी, हर्ष चौरसिया, आशीष गोयल, क्रांति जैन, जयकुमार होतचंदानी, आभा अग्रवाल, विनोद पंडित सहित समस्त परिषद परिवार ने पुण्य आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र दाता परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

